वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report | 2014-15

साथ चलें - आगे बढ़ें
RACING TOGETHER - RACING AHEAD



BARODA next
STATE-OF-THE-ART. STRAIGHT FROM THE HEART.
www.bankofbaroda.co.in

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
India's International Bank

मुख्य महाप्रबंधक	Chief General Managers
आर.एस.सेतिया	R S SETIA
एस.कल्याणरामन	S KALYANARAMAN
के.एन.मानवी	K N MANVI
जे.डी.परमार	J D PARMAR
महाप्रबंधक	**General Managers**
आर. एस. अभ्यंकर	R S ABHYANKAR
डी. के. गर्ग	D K GARG
यू. के. बीजापुर	U K BIJAPUR
निर्मेष कुमार	NIRMESH KUMAR
एल. एम. अस्थाना	L M ASTHANA
यू. सी. सिंघवी	U C SINGHVI
डी. पी. त्रिवेदी	D P TRIVEDI
ई.एच. रहिमान	E H RAHIMAN
आर. के. अरोरा	R K ARORA
एस. एस. घाग	S S GHAG
सुश्री विंध्या आर. विट्टल	Ms. VINDHYA R. VITTAL
ए. के. गर्ग	A K GARG
प्रभात अग्रवाल	PRABHAT AGARWAL
विपन महाजन	VIPAN MAHAJAN
संजय अग्रवाल	SANJAYA AGARWAL
एस. ज्ञानवेल	S GNANAVEL
वी. एन. धवन	V N DHAWAN
एम.वी. देशपांडे	M V DESHPANDE
वी. एस. नारंग	V S NARANG
आर. एल. गुट्टीकर	R L GUTTIKAR
के. वेंकटश्वरलू	K VENKATESWARLU
आर. के. गुप्ता	R K GUPTA
एन. दामोदरन	N DAMODARAN
एम. भूंया	M BHUYAN
एन. के. श्रीवास्तव	N K SRIVASTAVA
एम. एल. शर्मा	M L SHARMA
जी. बी. भुंया	G B BHUYAN
जे. के. दास	J K DAS
आर. के. सोनी	R K SONI
सुश्री वी. रुक्मिणी	Ms. V RUKMINI
एच. एस. शर्मा	H S SHARMA
एन. सी. उप्रेति	N C UPRETI
एस. के. अरोरा	S K ARORA
ई. एफ. टक्कर	E F TUCKER
ए. के. सिंगला	A K SINGLA
एस. श्रीधरन	S SRIDHARAN
एस. के. गुप्ता	S K GUPTA
राधाकांत माथुर	RADHAKANT MATHUR
अशोक अनेजा	ASHOK ANEJA
राजू गुप्ता - मुख्य सतर्कता अधिकारी	RAJU GUPTA - CHIEF VIGILANCE OFFICER

लेखा परीक्षक / Auditors

कृते खंडेलवाल जैन एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For Khandelwal Jain & Co
Chartered Accountants

कृते एस आर गोयल एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For S R Goyal & Co.
Chartered Accountants

कृते केएएसजी एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For KASG & Co.
Chartered Accountants

कृते एम बी अग्रवाल एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For MB Agarwal & Co.
Chartered Accountants

कृते वाही एण्ड गुप्ता
सनदी लेखाकार

For Wahi & Gupta
Chartered Accountants

कृते रोड़ी डाबीर एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For Rodi Dabir & Co.
Chartered Accountant

प्रधान कार्यालय
बड़ौदा हाऊस, माण्डवी, वड़ोदरा 390 006.

बड़ौदा कार्पोरेट सेन्टर
सी-26, जी-ब्लॉक, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा (पू.),
मुंबई 400 051.

निवेशक सेवाएं विभाग
तृतीय तल, बड़ौदा कार्पोरेट सेंटर, सी-26, जी-ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई 400 051.

रजिस्ट्रार एवं अन्तरण एजेंट
मै. कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लि.
कार्वी सेलेनियम टावर बी, प्लाट क्र. 31 व 32,
गोचीबॉवली, फाइनांसियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रामगुडा,
सैरीलिंगम्पल्ली, हैदराबाद - 500 008.

हमारे बैंक के डिबेंचर न्यासी
आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लि.
एशियन बिल्डिंग, भू-तल,
17, आर कमानी मार्ग, बेलार्ड एस्टेट
मुंबई - 400 001

Head Office
Baroda House, Mandvi, Vadodara 390 006.

Baroda Corporate Centre
C-26, G-Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai 400 051.

Investor Services Department
3rd Floor, Baroda Corporate Centre, C-26, G-Block,
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai 400 051.

Registrars & Transfer Agent
M/s. Karvy Computershare Pvt. Ltd.
Karvy Selenium Tower B, Plot No.-31&32,
Gochibowli, Financial District, Nanakramguda,
Serilingampally, Hyderabad - 500 008

Debenture Trustees of our Bank
IDBI Trusteeship Services Ltd.
Asian Building, Ground Floor,
17,R Kamani Marg, Ballard Estate
Mumbai - 400 001

विषय सूची / Contents

	पृष्ठ
एम. डी. एवं मु.का.अ. का वक्तव्य	02
निदेशकों की रिपोर्ट	15
कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट	106
व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट	145
हरित पहल - शेयर धारकों से अपील	173
महत्वपूर्ण वित्तीय सूचक	175
परिभाषाएं	177
तुलन-पत्र	178
लाभ-हानि लेखा	179
नकदी-प्रवाह विवरणी	231
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	233
बासेल III प्रकटीकरण	237
समेकित वित्तीय विवरणियां	268
सी ई ओ / सी एफ ओ प्रमाणीकरण	302
नोटिस / प्रॉक्सी फार्म / उपस्थिति पर्ची / ईसीएस	304

	Page
MD & CEO's Statement	09
Directors' Report	59
Report on Corporate Governance	106
Business Responsibility Report	145
Green Initiative-Appeal to Shareholders	173
Key Financial Indicators	175
Definitions	177
Balance Sheet	178
Profit & Loss Account	179
Statement of Cash Flow	231
Auditors' Report	233
Basel III disclosures	237
Consolidated Financial Statements	268
CEO / CFO Certification	303
Notice/Proxy Form/Attendance Slip/ECS	304

रंजन धवन
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का संदेश

"चुनौतीपूर्ण समय में अनवरत कार्यनिष्पादन"

प्रिय हितधारक,

मुझे यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने वर्ष 2014 -15 (वित्त वर्ष-15) में भारतीय अर्थव्यवस्था की चुनौतियों के सामने न केवल अपनी सुदृढ़ता को दर्शाया है, बल्कि ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में अपने कार्यनिष्पादन में निंरतरता का परिचय दिया है. सुनिर्मित व्यसाय मॉडल की सहायता से बैंक ने वर्ष के दौरान अपने परिचालनों को समग्र वर्टिकलों में विविधीकरण के साथ और प्रौद्योगिकी का लाभप्रद रुप से उपयोग करके व्यवसाय के 10 ट्रिलियन के स्तर को पार कर लिया है.

मैं अब उस व्यापक आर्थिक परिवेश का ज़िक्र करना चाहूंगा जिसमें बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने वित्तीय वर्ष 15 के दौरान परिचालन किया.

भारतीय आर्थिक समीक्षा

वित्तीय वर्ष 15 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था ने स्टैगफ्लेशन अर्थात रुकी हुई वृद्धि एवं उच्च मुद्रा स्फीति की स्थिति से धीरे-धीरे आगे बढ़कर सुधार दर्शाया है और यह अब विकास के उभरते बेहतर संकेत एवं मुद्रा स्फीति में तेज गिरावट के चरण में पहुंच चुकी है. अंतर्राष्ट्रीय कॉमोडिटी कीमतों में, खासकर कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट, राजनीतिक अस्थिरता में कमी, नीतिगत आधारों में बेहतरी, सुधारोन्मुखता एवं आर्थिक सुदृढ़ीकरण से भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की बेहतर संभावनाएं पैदा हुई हैं.

अपेक्षा से कम मुद्रास्फीति तथा स्थिर रूपया एवं बढ़ते हुए विदेशी मुद्रा भण्डार के कारण प्रबंधन योग्य चालू खाता जमाशेष से व्यापक आर्थिक परिवेश में चक्रीय सुधार के लक्षण दिखाई दे रहे हैं. सीपीआई (संयुक्त) मुद्रास्फीति अप्रैल 2014 के 8.59% से घटकर मार्च 2015 में 5.17% के स्तर तक आ गई, तेल एवं खाद्य वस्तुओं की कीमत में गिरावट से मूल्य सूचकांक (डब्लूपीआई) गिरकर (-) 2.33% हो गया. हालांकि घरेलू एवं वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में कमजोर रूख होने के कारण निर्यात एवं आयात में मंदी विद्यमान रही लेकिन शेयर बाज़ार में तेज वृद्धि के कारण उत्साहपूर्ण अंतःप्रवाह ने बाह्य क्षेत्र को स्थिर रखा. चालू खाते का घाटा वित्तीय वर्ष 15 की दूसरी तिमाही के 2% की तुलना में वित्तीय वर्ष 15 की तीसरी तिमाही में 1.6% रहा. विदेशी मुद्रा भण्डार वित्तीय वर्ष 15 के दौरान यूएएस डॉलर 343.0 बिलियन के सर्वकालीन उच्च स्तर तक पहुंच गया है.

इसके अलावा संघीय बजट ने बुनियादी संरचना विशेषतया रोड एवं रेलवे पर सार्वजनिक खर्चों को बढ़ाते हुए निवेश संचालित विकास कार्यनीति पर बल दिया है. यद्यपि सरकार ने 2014 -15 के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य 4.1% को हासिल कर लिया है, उसने वित्तीय सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया में आगे बढ़ने के लिए 3% के लक्ष्य को हासिल करने हेतु मध्यम मार्ग अपनाते हुए लक्ष्य-अवधि को 2 वर्ष से 3 वर्ष तक बढ़ा दिया है. इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार ने कोयला एवं खनन के संबंध में अनेक महत्वपूर्ण विधायन पारित किए हैं.

इन सबके बावजूद, वित्तीय वर्ष 15 के दौरान व्यापक आर्थिक परिवेश में कमजोरी का रूख बना रहा. कृषि में कम बारिश एवं गैर मौसमी बारिश के कारण खरीफ एवं रबी की फसलें खराब हुईं. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक, जिसमें वित्तीय वर्ष 15 की पहली तिमाही में कुछ बेहतर वृद्धि दिखाई दे रही थी, में गिरावट आई क्योंकि संरचनात्मक बाधाओं के कारण मुख्य उद्योगों जैसे कि इस्पात, प्राकृतिक गैस एवं उर्वरक के उत्पादन में लगातार गिरावट आई. साथ ही पूंजीगत

वस्तुओं के उत्पादन में भी अवरुद्ध निवेशों, जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण अस्थिरता विद्यमान रही. ग्रामीण आय तथा कार्पोरेट बिक्री में अत्यधिक कमी आने के कारण उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन भी प्रभावित हुआ. सेवा क्षेत्र में बढ़ोत्तरी मिश्रित स्वरूप वाली रही.

मंद आर्थिक परिवेश के कारण अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में जमाओं तथा ऋणों की वृद्धि पूरे वर्ष के दौरान कम रही. ऋण वृद्धि की दर, मंद ऋण मांग तथा तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) संबंधी नियामक आवश्यकताओं के कारण कम रही. बैंकों के लिए, पूंजी संरक्षण तथा पूंजी के कुशल उपयोग, सख्त बासेल III पूंजी मानदण्डों, आस्ति गुणवत्ता तथा अत्यधिक प्रावधानीकरण के कारण काफी चुनौतीपूर्ण हो गया है. मंद आर्थिक वृद्धि एवं ऋणकर्ताओं की कमजोर हुई चुकौती क्षमता के कारण बैंकिंग क्षेत्र के लिए आस्ति गुणवत्ता चिंता का विषय बनी रही.

मुद्रास्फीति में काफी गिरावट आने के बाद भारतीय रिज़र्व बैंक ने वर्ष के दौरान सांविधिक तरलता अनुपात में 150 आधार बिंदुओं तथा रेपो रेट में 50 आधार बिन्दुओं की कमी की, जिसके आधार पर बैंक वित्तीय वर्ष 15 की अंतिम तिमाही के दौरान जमा दरों को कम करने की स्थिति में आ पाए.

इसके अलावा बैंकिंग क्षेत्र ने केन्द्र सरकार की सबसे बड़ी वित्तीय पहल प्रधानमंत्री जनधन योजना में सक्रियता से भाग लिया. 31 मार्च, 2015 तक बैंकों ने रिकॉर्ड 14.7 करोड़ खाते खोले, जिसमें रू 15,670 करोड़ की जमा राशि आई. इसके अतिरिक्त निकट भविष्य में बैंकिंग क्षेत्र में छोटे बैंकों, भुगतान बैंकों के प्रवेश से विस्तार आएगा.

तथापि, तुलनात्मक रूप में अपेक्षाकृत सुदृढ़ ऋण निगरानी प्रणाली एवं नकदी वसूली वाले बैंक इस चुनौती का सामना करने के लिए बेहतर रूप से तैयार थे एवं उन्होंने वित्तीय वर्ष 15 के कठिन आर्थिक परिवेश के बावजूद सुदृढ़ कार्यनिष्पादन किया.

बैंक ऑफ बड़ौदाः चुनौतीपूर्ण समय में अनवरत कार्यनिष्पादन

वित्तीय वर्ष 15 के दौरान परिवेशगत प्रतिकूलताओं के बावजूद, आपके बैंक का वैश्विक व्यवसाय 10 लाख करोड़ के स्तर को पार करते हुए 8.25% वृद्धि के साथ रु. 10,45,625 करोड़ पर पहुंचा. वित्तीय वर्ष 15 में घरेलू व्यवसाय भी 8.43% की उच्च दर से बढ़ा और रु. 7,06,148 करोड़ पर पहुंचा. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने बड़े आकार के कार्पोरेट तबके में अवसरों के क्षीण होने की वजह से अपने ऋण-बही का रिटेल, एमएसएमई एवं कृषि-ऋणों में विविधीकरण को जारी रखने की कार्यनीति का अनुसरण किया. सोची-समझी कार्यनीति के एक भाग के रुप में आपके बैंक ने देयताओं की लागतों को घटाने हेतु बल्क एवं उच्च लागत वाली जमाराशियों को उल्लेखनीय रुप से छोड़ दिया.

आपके बैंक का अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय वित्तीय वर्ष 15 में 7.88% (वर्ष दर वर्ष) वद्धि के साथ रु. 3,39,477 करोड़ पर पहुंचा. घरेलू कासा जमाराशियों में 13.60% (वर्ष दर वर्ष) की दर पर वृद्धि के साथ मजबूत जमा संग्रह तथा उच्च लागतों वाली अधिमानी जमाराशियों को छोड़ने की कार्यनीति आपके बैंक के अपने घरेलू परिचालनों में शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) को, वित्तीय वर्ष 14 में 2.87% की तुलना में वित्तीय वर्ष 15 में 2.91% से बढ़ाने में सहायक रही.

आपके बैंक ने मजबूत शुद्ध ब्याज आय (रु. 13,187 करोड़) एवं बट्टाकृत खातों मे वसूलियों (रु. 188.54 करोड़) के समर्थन सहित, कुल व्ययों पर समझदारीपूर्ण नियंत्रण के साथ रु. 9,915 करोड़ (6.01% वर्ष दर वर्ष) का परिचालन लाभ दर्ज किया. यद्यपि उच्च कर तथा गैर-कर प्रावधानों के कारण आपके बैंक ने वित्त वर्ष 15 के दौरान रु. 3,398 करोड़ (25.16% वर्ष दर वर्ष गिरावट) का शुद्ध लाभ दर्ज किया.

अर्थव्यवस्था पर लगातार दबाव एवं धीमी वसूली के कारण समीक्षाधीन वर्ष में भी बैंकिंग उद्योग को आस्ति गुणवत्ता बनाये रखने की चुनौती का लगातार सामना करना पड़ा है. अतएव, वर्ष के दौरान आस्ति गुणवत्ता पर दबाव लगातार बना रहा. तथापि, आस्ति गुणवत्ता में कुछ सुधार हुआ, जिससे सकल एनपीए दिसंबर, 2014 में 3.85% के स्तर से घट कर मार्च, 2015 के अंत में 3.72% पर पहुंचा और शुद्ध एनपीए वित्तीय वर्ष 14 में क्रमशः 2.94% एवं 1.52% की तुलना में वि.व. 15 में क्रमशः 3.72% एवं 1.89% पर रहा. बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) वि.व.14 के 65.45% की तुलना में वि. व.15 में 64.99% रहा.

आपके बैंक के पूंजी पर्याप्तता अनुपात ने अपनी पूंजी सुदृढ़ता को दर्शाना जारी रखा. सीआरआर मार्च 2015 के अंत में टियर I पूंजी अनुपात क्रमशः 10.14% तथा 9.87% के साथ बासेल II के अधीन 13.33% तथा बासेल III के अधीन 12.60% के मजबूत स्तर पर रहा. बासेल III मानदंडों के अनुसार सामान्य इक्विटी टियर I 9.35% रहा.

वित्त वर्ष 15 के दौरान नीतिगत पहलें

कार्पोरेट ऋण

वित्त वर्ष 15 की मंद निवेश प्रवृत्ति तथा बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मामलों तथा अन्य कठिनाईयों के कारण कार्पोरेट क्षेत्र से ऋणों की मांग कम रही. अतः आपके बैंक ने कार्पोरेट ऋण वृद्धि के मामले में सावधानी पूर्ण रास्ता अपनाया. परिणामस्वरुप आपके बैंक की ऋण वृद्धि तुलनात्मक दृष्टि से कम 7.82% रही.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने ''ऑनलाइन लोन अप्लीकेशन ट्रैकिंग'' की प्रणाली आरंभ की है, ताकि ऋण आवेदनों की स्थिति का आसानी से पता लग सके. इसके माध्यम से आवेदक बैंक की वेबसाइट पर प्रदान किए गए 'लोन ट्रैकिंग लिंक' के माध्यम से अपने आवेदन की स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं.

विदेशी मुद्रा व्यवसाय एवं शुल्क आधारित आय को बढ़ाने हेतु आपके बैंक ने विदेशी मुद्रा में सीधी डीलिंग के लिए 3 अतिरिक्त अधिकृत 'बी' श्रेणी'' की शाखाएं खोलीं.

रिटेल व्यवसाय

आपके बैंक ने आस्ति एवं देयता दोनों ही पक्षों पर विशेष बल देते हुए अपने रिटेल संविभाग में संवृद्धि की, ताकि ग्राहक संतुष्टि में बढ़ोत्तरी हो सके एवं इसके रिटेल व्यवसाय मॉडल में तारतम्यता लाई जा सके. देयता पक्ष में जमा संसाधन के विशेष वर्टिकल के गठन के माध्यम से बल्क जमाओं को कम करते हुए रिटेल सावधि जमाओं का हिस्सा बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया. वर्ष के दौरान कासा जमाओं को बेहतर करने एवं डेबिट कार्ड को बढ़ावा देने हेतु ग्राहक संबंधों को मजबूत करने एवं

पुनर्जीवित करने के लिए अनेक पहलें की गईं. इसके अलावा ग्राहकों के आधार को व्यापक बनाने हेतु निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने तथा शून्य शेष वाले खातों में जमाएं लाने के लिए विशेष अभियान चलाए गए.

आस्ति पक्ष में आपके बैंक ने अपनी ऋण बही को और संतुलित बनाने के लिए रिटेल व्यवसाय पर अतिरिक्त बल दिया. इसे प्राप्त करने के लिए आपके बैंक ने उत्पादों को और आकर्षक बनाने के लिए विशेष उपाय किए. आवास ऋणों के तहत बचत खाते के साथ होम लोन एडवांटेज योजना को जोड़ने, आवास ऋणकर्ताओं को प्रीमियम हेतु व्यक्तिगत ऋण योजना, पूर्व अनुमोदित आवास ऋण योजना जैसी नई योजनाओं की शुरूआत की गई. इसके अतिरिक्त उच्च शिक्षा संबंधी जरुरतों को पूरा करने हेतु शिक्षा ऋण योजनाओं में परिवर्धन एवं संशोधन किए गए. रिटेल व्यवसाय पर विशेष बल देते हुए विभिन्न अभियान चलाए गए.

आपके बैंक में वित्तीय वर्ष 15 में देशभर में रिटेल क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु अब कुल आरएलएफ की संख्या 60 हो गई है.

एमएसएमई व्यवसाय

अर्थव्यवस्था में एमएसएमई व्यवसाय के महत्व एवं रोजगार सृजन में इसकी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने इसको बढ़ावा देने के लिए अनेक पहलें शुरु कीं. माइक्रो उद्यमों को प्रभावी ढ़ंग से वित्तपोषण के लिए आपके बैंक ने बड़ौदा माइक्रो इंटरप्राइज सेल की स्थापना की. मार्च, 2015 के अंत तक आपके बैंक ने ऐसे 80 सेल की स्थापना की. आपके बैंक ने फुटवियर डिजाइन एवं डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट द्वारा प्रवर्धित इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ लेदर सेक्टर योजना व्यक्तियों तथा समूह उद्यम/स्वयं सहायता समूह के लिए बड़ौदा स्वरोजगार कार्यक्रम (पुनर्गठित एसजेएसआरवाई योजना) जैसी नई योजनाओं की शुरूआत की. एवं भरूच क्षेत्र में रसायन एवं औद्योगिक क्षेत्र के लिए नई योजनाएं बनाई गईं. मांग एवं व्यावसायिक संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए अनेक क्षेत्र विशेष की योजनाएं आरंभ की गईं. इसके अतिरिक्त आपके बैंक ने ऋणकर्ताओं की जागरूकता हेतु अभियान चलाए एवं एमएसएमई फेस्टिवल का आयोजन किया. टर्नअराउंड समय को कम करने के लिए आपके बैंक ने एसएमई लोन फैक्ट्रियों में लेंडिंग ऑटोमेशन प्रोसेसिंग सिस्टम (लैप्स) को रोल आउट किया.

आपके बैंक के पास 54 एसएमई लोन फैक्ट्रियों (एसएमईएलएफएस) की सुदृढ़ संरचना है.

प्राथमिकता क्षेत्र

आपके बैंक ने अपनी 1912 ग्रामीण शाखाओं एवं 1386 अर्द्धशहरी शाखाओं के विशाल नेटवर्क के साथ ग्रामीण क्षेत्रों पर हमेशा विशेष ध्यान दिया है. उभरते हुए अवसरों का लाभ उठाने के लिए आपके बैंक ने वर्ष के दौरान अनेक पहलें की. किसानों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने दो विशेष अभियान अर्थात् जोड़ें किसान तथा निवेश ऋण अभियान चलाए. क्षेत्र-विशेष की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुकूल योजनाएं तैयार कीं तथा इन्हें आकर्षक बनाने के लिए उन्हें रियायती ब्याज दर उपलब्ध कराए.

इसके अतिरिक्त आपके बैंक ने बेहतर ग्राहक सेवा तथा कृषि अग्रिमों में मात्रात्मक एवं गुणात्मक वृद्धि हेतु कृषि ऋण फैक्ट्रियों की स्थापना की. गुजरात के महेसाणा, उत्तर-प्रदेश के बरेली एवं बिहार के मुजफ्फरपुर में तीन पायलट फैक्ट्रियां आरंभ की गईं.

आपके बैंक ने अपने बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बीएसवीएस), बड़ौदा आर-सेटी सेंटर, वित्तीय साक्षरता केन्द्रों तथा माइक्रो लोन फैक्ट्रियों जैसी इकाइयों के द्वारा सामाजिक क्षेत्र में वृद्धि एवं विकास को बढ़ावा देना जारी रखा.

वित्तीय समावेशन

प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के शुभांरभ के बाद वित्तीय समावेशन पर जोरदार प्रभाव पड़ा है और इसके कारण पूर्व की पहलों की अपेक्षा इसकी कवरेज एवं परिधि को व्यापकता प्राप्त हुई है. इसके साथ पीएमजेडीवाई निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत एक मिशन के रूप में काम कर रही है. जैसा कि, आपका बैंक हमेशा अग्रणी रहा है, इस पहल के अंतर्गत भी हम इसे एक सामाजिक प्रतिबद्धता के रूप में नहीं बल्कि एक प्रभावी एवं लाभदायी व्यावसायिक अवसर के रूप में देख रहे हैं. आपके बैंक ने पीएमजेडीवाई के अंतर्गत निर्धारित सभी लक्ष्यों को समय से पूर्व हासिल कर लिया है. 31.03.2015 तक आपके बैंक ने पीएमजेडीवाई खातों में 1101 करोड़ रुपए संगृहीत किये हैं, जिसमें प्रत्येक खाते में रु. 2500/- की औसत जमा राशि है. इसके अतिरिक्त, पीएमजेडीवाई के अंतर्गत सभी बैंकों द्वारा खोले गए खातों की संख्या में बैंक ऑफ़ बड़ौदा की हिस्सेदारी 5.7% है जबकि संगृहीत जमाराशियों में हमारी हिस्सेदारी 7.86% है.

इसके अलावा, आपका बैंक वित्तीय समावेशन योजना (एफआईपी) 2016 की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने का लगातार प्रयास करता रहा है. आपके बैंक ने 16,324 गांवो के लक्ष्य के सापेक्ष एक आदर्श स्थिति प्राप्त करते हुए 22,030 गांवों को कवरेज प्रदान किया है. उसी प्रकार, आपके बैंक ने 'बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट खाता' तथा शहरी कियोस्क, बीसी के माध्यम से खाते खोलने के लक्ष्यों को भी पार कर लिया है.

अर्थपूर्ण एवं फलदायी वित्तीय समावेशन को हासिल करने में वित्तीय साक्षरता की महत्ता को देखते हुए आपके बैंक ने ग्रामीणों को विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु वित्तीय साक्षरता अभियान चलाया जिसमें विशेषतया बचत के फायदे, आधार दर्ज कराना, न्यूनतम जमा शेष रखना, ओवरड्रॉफ्ट सुविधा की पात्रता, रूपे कार्ड का इस्तेमाल तथा उसकी सुरक्षा, यूएसएसडी सुविधा, दुर्घटना एवं जीवन बीमा हेतु पात्रता, बीमा के तहत दावों की प्रस्तुति, सूक्ष्म बीमा उत्पाद, पेंशन, केसीसी के लाभ, जीसीसी, त्वरित चुकौती, उन्हें उपलब्ध अन्य रिटेल तथा एसएमई ऋण आदि शामिल है. आपके बैंक ने इस उद्देश्य से बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आर-सेटी) नामक एक संस्थागत संरचना स्थापित की है. यह एक न्यास है जिसकी शुरुआत बैंक द्वारा 2003 में की गयी थी, जिसका उद्देश्य बेरोजगार ग्रामीण युवाओं का कौशल विकास है तथा उन्हें तब तक सहयोग प्रदान करना है जब तक वे अपना उद्यम स्थापित न कर लें. इसके अलावा वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केंद्र (एफएलसीसी) "सारथी" देश भर में कार्यरत हैं तथा बड़ौदा ग्रामीण परामर्श केंद्र भी कार्य कर रहे हैं जो ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय शिक्षा, ऋण परामर्श, सूचनाओं का आदान-प्रदान तथा तकनीकी समस्याओं का समाधान करने तथा मूल्य वर्धित

सेवाओं एवं विकासात्मक गतिविधियों के लिए अन्य संस्थाओं के साथ समन्वय और संपर्क स्थापित करते हैं.

आस्ति गुणवत्ता

अर्थव्यवस्था पर लगातार दबाव एवं धीमी वसूली के कारण बैंकिंग उद्योग को समीक्षा वर्ष के दौरान भी आस्ति की गुणवत्ता बनाए रखने में निरंतर चुनौतियों का सामना करना पड़ा. अतः वर्ष के दौरान आस्ति गुणवत्ता पर बढ़ा हुआ दबाव निरन्तर दिखाई दिया, जिसके कारण वित्त वर्ष 2015 में गैर-निष्पादक आस्तियों का स्तर पिछले वर्ष रु. 11876 करोड़ (कुल अग्रिमों का 2.94%) से बढ़कर रु 16261 करोड़ (कुल अग्रिमों का 3.72%) हो गया. इसी प्रकार बैंक के कुल पुनर्गठित अग्रिम वित्त वर्ष 2014 में रु 26537 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2015 में रु 31572 करोड़ हो गये.

आपके बैंक ने शाखा, क्षेत्र, अंचल तथा कार्पोरेट स्तर पर व्यापक वसूली एवं ऋण निगरानी व्यवस्था विकसित की है. वित्तीय वर्ष 2015 के पहले दिन से ही, आपके बैंक ने संभावित एनपीए पर विशेष ध्यान दिया था. बड़े खातों के अलावा, आपके बैंक ने गांवों/शहरों में लोक अदालत और वसूली शिविरों के आयोजन के माध्यम से छोटे खातों में वसूली पर विशेष ध्यान दिया है. इसके अलावा वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में भगीरथ प्रयास नामक विशेष योजना चलायी गयी. आपके बैंक ने वसूली संबंधी प्रयासों के लिए प्रत्येक स्टाफ सदस्य के व्यक्तिगत ध्यानाकर्षण हेतु 'संकल्प - VII' नामक प्रोत्साहन संबंधी वसूली योजना भी शुरु की.

ग्राहक सेवा

आपका बैंक अपने ग्राहकों की जरुरतों एवं संतुष्टि के प्रति अत्यंत सचेत है तथा इस विश्वास के प्रति प्रतिबद्ध है कि बैंक के सभी तकनीक, प्रक्रिया, उत्पाद तथा कर्मचारी कौशल का उपयोग ग्राहकों को उत्कृष्ट बैंकिंग सेवा उपलब्ध कराने के लिए हों. ग्राहक सेवा को और सुगम बनाने के लिए, आपके बैंक ने एसएमएस अलर्ट, मिस्ड कॉल सुविधा, आवक समाशोधन के लिए चेकों की विस्तृत जानकारी तथा निष्क्रिय खातों पर रख-रखाव प्रभार को समाप्त करने जैसी सुविधाएं शुरू की हैं. बैंक के उत्पादों के बारे में अभिमत प्राप्त करने हेतु, आपके बैंक ने ऑनलाइन ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण किया ताकि ग्राहकों से उनके द्वारा महसूस की जा रही समस्याओं/उनके विचारों से अवगत होकर उनके निराकरण के उपाय किए जाएं.

सूचना प्रौद्योगिकी संरचना

आपके बैंक ने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) का प्रयोग न केवल आंतरिक प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के लिए किया है, बल्कि अपने ग्राहकों की सुविधाओं एवं सेवाओं में विस्तार करने के लिए भी किया है.

वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों में ग्राहकों की सुविधाओं में वृद्धि के उद्देश्य से, आपके बैंक ने इंटरनेट बैंकिंग अर्थात् बड़ौदा कनेक्ट में नई सुविधाओं की शुरूआत की है. नई उन्नत विशेषताओं में ऑनलाइन ई-बैंकिंग पंजीयन, लोक भविष्य निधि खातों का अवलोकन तथा उसमें जमा करना, वेतन अपलोड की सुविधा, स्मार्ट फोन के जरिए मोबाइल ओटीपी जनरेशन सुविधा, विभिन्न राज्यों के कर-भुगतान, आईएमपीएस (तत्काल भुगतान सेवा) शामिल हैं. इसके अलावा इंटरनेट बैंकिंग सेवा सभी स्मार्ट फोन/टैबलेट में उपलब्ध करा दी गयी है जिससे ग्राहकों को कहीं पर भी बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध हैं, कुल 16 विदेशी टेरिटरीज में भी इंटरनेट बैंकिंग क्रियान्वित की जा चुकी है जैसे - तांजानिया, यूगांडा, केन्या, मारीशस, सेशल्स, बोत्सवाना, न्यूजीलैंड, यूएई, फिजी, यूके, ओमान, घाना, आस्ट्रेलिया, त्रिनिदाद एण्ड टोबैगो, गयाना तथा संयुक्त राज्य अमेरिका. बैंक द्वारा प्रायोजित सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में भी इंटरनेट बैंकिंग सुविधा उपलब्ध करायी जा चुकी है.

मोबाइल बैंकिंग एक अन्य वैकल्पिक डिलीवरी चैनल है जो आपके बैंक के ग्राहकों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान करता है. इसमें पूरी तरह से बदलाव किया गया है, जिसके कारण तकनीकी सुविधा लेने वाले ग्राहकों के लिए सुविधाजनक प्रयोग तथा प्रयोक्ता अनुभव में वृद्धि हुई है. मोबाइल बैंकिंग प्लेटफॉर्म ग्राहकों को अनेक विशेषताएं एवं सुविधाएं उपलब्ध कराता है जैसे- ऑइकॉन आधारित यूजर इंटरफेस, शेष राशि की पूछताछ, लघु विवरणी, निधि अंतरण, भुगतान रोकना, चेक की स्थिति, अन्य सुविधाएं. मोबाइल बैंकिंग अनुप्रयोग सभी आई फोन, ब्लैकबेरी, एंड्रायड तथा विंडो उपकरणों में उपलब्ध है. मोबाइल बैंकिंग के जरिए मोबाइल रिचार्ज/डीटीएच रिचार्ज, बीमा प्रिमियम भुगतान, ऑनलाइन खरीदी, काउंटर पर भुगतान, स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालयों को शुल्क भुगतान, उपभोक्ता बिल भुगतान, यात्रा एवं टिकट, मंदिरों में दान, आईएमपीएस- आईआरसीटीसी का इस्तेमाल कर मोबाइल फोन के जरिए गैर इंटरनेट आधारित रेलवे टिकट बुकिंग की जा सकती है.

वित्तीय वर्ष 2015 के दौरान, आपके बैंक ने 20 जुलाई 2014 को देश में पहला नकदी रिसाइक्लर शुरु किया. नकदी रिसाइक्लर की विशेषता है कि इसके माध्यम से नकदी जमा की जा सकती है, नकदी का आहरण किया जा सकता है, शेष राशि की पूछताछ की जा सकती है, लघु विवरणी तथा पिन बदलाव किया जा सकता है. आसान परिचालन एवं 24 X 7 की उपलब्धता के कारण रिटेल एवं कार्पोरेट ग्राहकों में यह सुविधा काफी लोकप्रिय है. वर्ष 2015 के अंत तक आपके बैंक ने 390 नकदी रिसाइक्लरर्स स्थापित किए हैं. इसके अलावा, आपके बैंक ने 1776 नए एटीएम स्थापित किए हैं तथा 24 X 7 नेमी बैंकिंग सेवा उपलब्ध कराने के लिए 151 नॉन स्टॉप ई-लॉबियां स्थापित की गई हैं, जिनमें पांच सेल्फ सर्विस मशीनें लगी हैं जैसे- नकदी रिसाइक्लर एटीएम, मल्टी फंक्शन कियोस्क, पासबुक प्रिंटर तथा डिजिटल साइनेज सिस्टम. आपके बैंक ने सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटर भी उपलब्ध कराया है जिन्हें अब अत्यधिक भीड़ -भाड़ वाली अर्धशहरी एवं ग्रामीण शाखाओं के अलावा सभी महानगरीय एवं शहरी शाखाओं को उपलब्ध कराया जा चुका है. संक्षेप में, सूचना प्रौद्योगिकी ने आपके बैंक की कार्य पद्धति तथा बैंकिंग परिचालन में उल्लेखनीय योगदान किया है.

मानव संसाधन संबंधी पहलें

आपके बैंक ने एक अत्यंत संतुलित कर्मचारी नीति को अंगीकृत किया है ताकि आपके बैंक में एक समग्र एवं उत्तरदायी मानव संसाधन का सृजन किया जा सके, जो विकास में योगदान दे सके तथा मौजूदा समय की विभिन्न चुनौतियों का सामना कर सके, जैसे - बड़ी संख्या में सेवा निवृत्तियों, प्रतिभाओं का भारी संख्या में इंडक्शन, अत्यधिक प्रशिक्षण की आवश्यकता तथा उत्तराधिकार की चुनौतियां.

वित्तीय वर्ष 2015 के दौरान आपके बैंक ने विभिन्न मानव संसाधन संबंधी गतिविधियों जैसे - दावे एवं प्रतिपूर्तियों को स्वचालित तथा

केंद्रीकृत बनाने की शुरुआत की है जिससे दावों के निपटान में लगने वाले समय में कमी आयी है. इसके अलावा आपके बैंक ने मानव शक्ति आयोजना संबंधी व्यवस्था स्थापित की है जो विभिन्न शाखाओं/यूनिटों की मानव शक्ति संबंधी आवश्यकता का वैज्ञानिक निर्धारण करती है. मानव शक्ति आयोजना व्यवस्था का लाभ विभिन्न मानव शक्ति योजनाओं संबंधी निर्णय लेने में मिलता है, जैसे- भर्ती, नए भर्ती किए गए कर्मचारियों की पदस्थापना, स्थानांतरण एवं पदोन्नतियां. आपके बैंक के अधिकारियों का कार्यनिष्पादन प्रबंधन भी पूर्णतः स्वचालित हो गया है जिससे यह प्रणाली और सुदृढ़, उद्देश्यपरक तथा गतिमान हो गयी है.

'कर्मचारियों की प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए आपके बैंक ने विभिन्न कदम उठाए हैं जैसे संतुष्टि सर्वेक्षण कराना तथा वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कर्मचारियों के बीच आपसी सामंजस्य स्थापित करना. इन कार्यशालाओं का आयोजन मानव संसाधन तथा उच्च प्रबंधन के साथ कर्मचारियों के संवाद को बेहतर बनाने के लिए किया गया. इसके अलावा, श्रेष्ठ कार्यनिष्पादकों को उचित प्रोत्साहन देने के लिए आपके बैंक ने प्रोत्साहन योजना लागू की है.

युवा संभाव्य नेतृत्व को चिह्नित करने तथा उन्हें तैयार करने के लिए आपके बैंक ने सुव्यवस्थित टैलेंट मैनेजमेंट सिस्टम क्रियान्वित किया है जिससे विभिन्न मानदंडों के आधार पर नेतृत्व क्षमता वाले भविष्य के संभाव्य कर्मचारियों को व्यवहार्यतः चिह्नित करने तथा प्रत्येक चिह्नित कर्मचारी को एक व्यवस्थित विकासात्मक योजना के तहत प्रशिक्षित करने में मदद मिलती है.

बड़ी संख्या में सेवानिवृत्तियों के मद्देनजर तथा भारी संख्या में हो रही भर्ती की पृष्ठभूमि में, नए भर्ती कर्मचारियों के प्रशिक्षण और विकास के मुद्दे काफी महत्वपूर्ण हो गए हैं. इसके अलावा, प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए कर्मचारियों को सक्षम बनाने हेतु संस्थागत प्रयासों में प्रशिक्षण अब एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया बनकर उभरा है. आपके बैंक ने बड़ौदा अकादमी के जरिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की है जिसमें विभिन्न नवोन्मेषी तथा अभिनव पहलें शामिल हैं. इसके तहत स्टाफ सदस्यों को प्रमुख बैंकिंग गतिविधियों जैसे- ऋण, विदेशी मुद्रा विनिमय, कोर बैंकिंग आदि में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है. इसके अतिरिक्त नए भर्ती कर्मचारियों को ऑन बोर्डिंग प्रशिक्षण प्रदान किए जाते हैं. वित्तीय वर्ष 2015 के दौरान आपके बैंक ने ई-लर्निंग पाठ्यक्रमों के लिए अत्याधुनिक शिक्षण प्रबंधन प्रणाली की शुरुआत की है जो इंटरनेट पर उपलब्ध है. इससे समय और स्थान की सुविधा होती है. आपका बैंक पहला बैंक है, जिसने कर्मचारियों के लाभ हेतु 'मोबाईल स्निपेट्स' नामक एक मोबाइल अनुप्रयोग की शुरुआत की है. इससे कर्मचारी दैनिक बैंकिंग समाचार, बैंक/भारतीय रिज़र्व बैंक के महत्वपूर्ण परिपत्रों का सार-संक्षेप, आतंरिक प्रकाशन, आने वाले कार्यक्रमों की घोषणा तथा वीडियो संदेश भेज सकते हैं. इसके अलावा शिक्षण को विस्तृत आधार देने के लिए आपके बैंक ने विचार-मंथन श्रृंखला के अंतर्गत प्रेरणास्पद व्याख्यान, वीडियो शो तथा सामूहिक गतिविधियों का आयोजन किया. इसके अलावा आपके बैंक ने अपने स्टाफ सदस्यों के ज्ञान को विस्तृत आधार देने के लिए बाह्य प्रशिक्षणों का भी सहारा लिया है. शिक्षण व्यवस्था की सराहना-स्वरूप आपके बैंक को विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से अनेक पुरस्कार जैसे गोल्डन पी-कॉक, आईबीए एवं अन्य प्राप्त हुए हैं,

जोखिम प्रबंधन

बैंकिंग व्यवसाय में जोखिम अपरिहार्य होता है और इसलिए, किसी भी सफल बैंक के लिए एक सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन संरचना उसकी कसौटी होती है. आपके बैंक में व्यवसाय के अंतर्निहित विभिन्न- जोखिमों जैसे - ऋण जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालनगत जोखिम, तरलता जोखिम, ब्याज दर जोखिम आदि के समाधान हेतु एक सुदृढ़ संरचना उपलब्ध है. इस संरचना के अंतर्गत जोखिम प्रवृत्ति को पारिभाषित करने की व्यवस्था, उसकी निगरानी, रिपोर्टिंग एवं समीक्षा शामिल है. इस संरचना का उद्देश्य है कि आर्थिक उतार-चढ़ाव के दौरान आस्तियों की गुणवत्ता बरकरार रहें तथा उससे उबरने के लिए पर्याप्त मात्रा में अतिरिक्त पूंजी की उपलब्धता बनी रहे. जोखिम उठाने की एक विवेकपूर्ण संस्कृति लगातार बनी रहे और हमारी प्रणाली, प्रक्रिया जागरूकता एवं कौशल व्यवस्था में ईष्टतम वृद्धि हो जिससे सहयोग एवं नियंत्रण प्रक्रिया में संतुलन स्थापित किया जा सके.

बढ़ी हुई जोखिम प्रबंधन परम्पराओं के कुछ प्रमाण हैं कि भारतीय रिज़र्व बैंक से ऋण जोखिम के संबंध में फाउंडेशन आंतरिक रेटिंग आधारित दृष्टिकोण (एफ आई आरबी) के अंतर्गत बैंक को समानांतर प्रणाली के लिए अनुमोदन प्राप्त हो गया है. बाजार जोखिम के लिए बैंक ने मुंबई में ग्लोबल मिड ऑफिस स्थापित कर लिया है, जो अपने ग्लोबल परिचालन में बाजार जोखिम स्थितियों को बेहतर ढ़ंग से आंकने, निगरानी और रिपोर्टिंग करने में किफायती व प्रभावी मार्ग उपलब्ध कराएगा. बासेल II मानदंडों के इंटरनल मॉडल एप्रोच के अनुरूप ग्लोबल मिड ऑफिस को परिचालित करने की प्रणाली कार्यान्वयन हेतु प्रगति पर है. परिचालनगत जोखिम के संबंध में आपके बैंक ने वेब आधारित अत्याधुनिक परिचालन जोखिम प्रबंधन साल्यूशन कार्यान्वित किया है, जो उद्योग में उपलब्ध सर्वोत्तम साल्यूशन है. इसी प्रकार आस्ति चलनिधि प्रबंधन के लिए, निधि अंतरण लागत तथा लाभप्रदता विश्लेषण, ऑरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज एनेलिटिकल एप्लीकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर लगाया गया है.

आपके बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट किए पारगमन नियमों के साथ पूंजीगत मात्रा तथा गुणवत्ता, लीवरेज अनुपात तथा चलनिधि कवरेज अनुपात से संबंधित बासेल III मानदंडों को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया है.

विदेशी व्यवसाय :

विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी होने के बावजूद आपके बैंक की विदेशों में व्यापक उपस्थिति इसे वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण जोखिम विविधता लाभ प्रदान करती है. विदेशों में आपके बैंक के विशाल नेटवर्क और ओवरसीज विस्तार पर इसके निरंतर जोर ने वित्तीय वर्ष 15 में भी बेहतर व्यवसाय अवसरों का लाभ उठाने में मदद की. 31 मार्च, 2015 को बैंक के 24 देशों में 104 कार्यालय कार्यरत हैं. इन 104 कार्यालयों में आपके बैंक की 60 विदेशी शाखाएं हैं. 43 शाखाएं इसकी विदेशी अनुषंगियों की हैं और एक प्रतिनिधि कार्यालय है. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने दो नई शाखाएं खोलीं, एक मेरू केन्या में तथा एक मवांजा तंजानिया में.

वित्तीय वर्ष 15 की प्रमुख उपलब्धियां

चुनौतीपूर्ण व्यवसाय परिवेश के बावजूद वर्ष की समाप्ति पर आपके बैंक ने संतोषजनक व्यावसायिक परिणाम प्रदर्शित किए.

- आपके बैंक का **वैश्विक व्यवसाय** 8.25% (वर्ष दर वर्ष) वृद्धि के साथ मार्च 2015 के अंत में रु. 10,45,625 करोड़ हो गया, इसमें **घरेलू व्यवसाय** 8.43% वृद्धि के साथ रु. 7,06,148 करोड़ तथा **विदेशी व्यवसाय** 7.88% वृद्धि के साथ रु. 3,39,477 करोड़ हो गया.
- मार्च 2015 के अंत में अपके बैंक की **वैश्विक जमाएं** 8.55% वृद्धि (वर्ष दर वर्ष) के साथ रु. 6,17,560 करोड़ हो गई. इसमें **घरेलू जमाएं** 9.29% वृद्धि के साथ रु. 4,14,278 करोड़ हो गई और **विदेशी जमाएं** 7.08% वृद्धि के साथ रु. 2,03,282 करोड़ हो गईं.
- ऊपर उल्लिखित चुनौतियों के बावजूद आपके बैंक की कासा जमाएं 11.25% वृद्धि (वर्ष दर वर्ष) के साथ रु. 1,62,969 करोड़ हो गईं.
- इसमें 31 मार्च 2015 को घरेलू कासा का हिस्सा मार्च 2014 के 31.76% की तुलना 31 मार्च 2015 में 33.01% रहा.
- मार्च 2015 के अंत में आपके बैंक के **वैश्विक अग्रिम** 7.82% (वर्ष दर वर्ष) की वृद्धि के साथ रु. 4,28,065 करोड़ रहे. इसमें **घरेलू अग्रिम** 7.24% वृद्धि के साथ रु. 2,91,870 करोड़ रहे और **विदेशी अग्रिम** 9.10% से बढ़कर रु. 1,36,195 करोड़ रहे.
- वित्तीय वर्ष 15 के दौरान आपके बैंक का रिटेल ऋण 14.06% (वर्ष दर वर्ष) की वृद्धि के साथ रु. 52,488 करोड़ रहा जिसमें गृह ऋण 15.26% वृद्धि के साथ रु. 22,542 करोड़ रहा.
- मार्च 2015 की समाप्ति पर आपके बैंक का एसएमई क्रेडिट पोर्टफोलियो 9.46% (वर्ष दर वर्ष) की वृद्धि के साथ रु. 61,993 करोड़ रहा. कृषि ऋण 31.55% वृद्धि के साथ रु.37,403 करोड के स्तर पर पहुंच गए और कमजोर वर्ग को प्रदत्त ऋण 9.28% बढ़कर रु. 22,510 करोड़ रहा.
- वित्तीय वर्ष 15 में आपके बैंक का परिचालन लाभ 9,915 करोड़ और शुद्ध लाभ रु. 3,398 करोड़ रहा.
- औसत आस्तियों पर प्रतिफल (आरओएए) बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरुप 0.49% रहा.
- 31 मार्च 2015 को पूंजी इंफ्यूजन के बावजूद इक्विटी पर प्रतिफल (आरओई) 9.21% रहा.
- वित्तीय वर्ष 2015 के दौरान आपका बैंक घरेलू परिचालनों में शुद्ध ब्याज मार्जिन 2.91% तथा वैश्विक परिचालनों में 2.31% रखने में सफल रहा.
- विवेकपूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए 31 मार्च 2015 को आपके बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात 64.99% रहा, जो कि दूसरे प्रमुख बैंकिंग सेगमेंट की तुलना में अपेक्षाकृत काफी उच्च है.
- आपके बैंक की पूंजीगत सदृढ़ता 31 मार्च 2015 को उसके सीआरएआर (बासेल-III) एवं टीयर I पूंजी 10.14% में प्रतिबिंबित होती है.
- आपके बैंक का लागत आय अनुपात वित्तीय वर्ष 15 के लिए अपेक्षाकृत 43.63% के न्यूनतम स्तर पर बना रहा.
- बैंक का प्रति शेयर अर्जन रु. 15.83 करोड़ तथा इसका प्रति शेयर बही मूल्य रु. 166.83 रहा.

पुरस्कार एवं सम्मान

वित्तीय वर्ष 15 के दौरान आपके बैंक को विभिन्न व्यवसाय एवं वित्तीय मानदंडों के तहत उल्लेखनीय कार्यनिष्पादन हेतु अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए. प्राप्त पुरस्कार इस प्रकार हैं-

- दुन एण्ड ब्राडस्ट्रीट द्वारा बैंक ऑफ़ बड़ौदा को ग्लोबल बिजनेस डेवलपमेंट (पब्लिक सेक्टर) श्रेणी के तहत 'बेस्ट बैंक' तथा बेस्ट पीएसयू बैंक - पोलरिज फायनांसियल टेक्नोलॉजी बैंकिंग अवार्ड 2014.
- आपके बैंक को 11 जुलाई 2014 को नई दिल्ली में इंडिया एसएमई फॉरम द्वारा 'बेस्ट पीएसयू फॉर एसएमई' अवार्ड प्रदान किया गया.
- बैंक ऑफ़ बड़ौदा को स्कॉच कन्सल्टेंसी सर्विसेज प्रा. लि. द्वारा 'स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट इन इंडियास बेस्ट 2014 - फाइनैन्सियल इनक्लूजन व डीपेनिंग अवार्ड 2014' पुरस्कार प्रदान किया गया.
- आपके बैंक को ब्रान्ड इक्विटी इकॉनोमिक टाइम्स ने दिनांक 6.8.2014 को बेस्ट इंडियन ब्रान्ड्स 2014 में 21वां रैंक दिया गया.
- बैंक ऑफ़ बड़ौदा 'इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एन्ड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) भुवनेश्वर से वर्ष 2014 में 'इनोवेटिव ट्रेनिंग प्रैक्टिसेस' के तहत राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता बना.
- बैंक ऑफ़ बड़ौदा को नई दिल्ली में दलाल स्ट्रीट इनवेस्टमेंट जर्नल द्वारा आयोजित 'बेस्ट पीएसयूज ऑफ़ इंडिया अर्वाड्स' में वर्ष 2014 के लिए 'मोस्ट एफीशिएंट पब्लिक सेक्टर बैंक' का अवार्ड प्रदान किया गया.

ये सभी पुरस्कार तथा सम्मान हमारे लिए विशेष महत्व रखते हैं क्योंकि ये आपके बैंक के सफल व्यवसाय मॉडल की सफलता को मान्यता प्रदान करते हैं जिसने राष्ट्र प्रगति में निर्णायक भूमिका निभाई.

भावी योजनाएं

बेहतर आर्थिक स्थिरता की दृष्टि से भारतीय अर्थव्यवस्था, न्यूनतम मुद्रास्फीति, न्यूनतम चालू खाता घाटा, सुदृढ़ विदेशी मुद्रा भंडार, नियंत्रित राजकोषीय घाटा, सुधार के उपायों एवं बेहतर घरेलू मांग की साक्षी रही है और विकास की बेहतर संभावनाओं के दौर से गुजर रही है. इसलिए, भारतीय अर्थव्यवस्था अमेरिका में संभावित ब्याज दर प्रत्यावर्तन एवं घरेलू अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव तथा कमजोर बाहरी मांग के प्रभावों का बेहतर ढंग से सामना कर रही है.

मार्च 2015 में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की अनुमानित जीडीपी के लिए अपने 6.3% के पहले के अनुमान को संशोधित करते हुए वर्ष 2015 के लिए 7.5% का अनुमान व्यक्त किया है. इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष मानता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था व्यवसाय वातावरण में सुधार करते हुए सुदृढ़ निवेश द्वारा विश्व में सबसे तेजी से उभरने वाली अर्थव्यवस्था होगी. तथापि बैंकिंग उद्योग वृहद वसूली आधार के साथ-साथ आस्ति गुणवत्ता में बेहतर ऋण मांग तथा सुधार करेगा. इसी क्रम में मूडीज ने अप्रैल 2015 में भारतीय रेटिंग को स्टेबल से पॉजीटिव कर दिया है.